
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 178 मुरादाबाद 23 October 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

# पीएम मोदी ने रोजगार मेला का किया शुभारंभ, बोले- '100 वर्षों की समस्या 100 दिनों में खत्म नहीं होती'




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान रोजगार मेला का शुभारंभ किया। पीएम मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 75,000 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। पीएम मोदी ने रोजगार मेले कार्यक्रम के दौरान कहा कि आने वाले महीनों में इसी तरह लाखों युवाओं को भारत सरकार द्वारा समय-समय पर नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। आज अगर केंद्र सरकार के विभागों में इतनी तत्परता, इतनी क्षमता आई है, इसके पीछे 7-8 साल की कड़ी मेहनत है। गुजरात के गांधीनगर में नवनियुक्त कर्मियों ने नियुक्ति पत्र मिलने पर खुशी जताई। लाभार्थियों ने कहा कि सरकारी नौकरी मिलने के बाद हमें बहुत खुशी हो रही है कि अब वह केंद्र सरकार की कर्मचारी बन गई हैं। रोजगार मेला पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि आज पीएम ने ऐतिहासिक कार्यक्रम की शुरुआत की है। आजादी के अमृत महोत्सव पर 75000 देश के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं ये पीएम मोदी के नेतृत्व में हुआ है। गुवाहाटी में नियुक्त पत्र प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने पीएम मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हम कई भर्ती अवसरों और प्रोत्साहन के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देते हैं। अब जब भर्ती हो गई है, हम देश की सेवा करेंगे और इसे आगे बढ़ाएंगे। भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने रोजगार मेले में पीएम के विजन के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि पीएम 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने चाहते हैं। नड्डा ने कहा कि भारत पहले रक्षा उत्पादों का आयातक हुआ करता था लेकिन अब निर्यातक बन गया है और दुनिया में डिजिटल लेनदेन में भारत का योगदान 40 फीसद है। ये सब पीएम की दूरदर्शिता का ही परिणाम है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जिन अंग्रेजों ने हमारे ऊपर 200 साल राज किया, हमने उन अंग्रेजों को कोविड के समय में दुनिया की 5वीं नंबर की अर्थव्यवस्था से हटाकर भारत को 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने का काम किया है। ये बदलते भारत की तस्वीर है। रोजगार मेला कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है, ये 10वें नंबर से 5वें नंबर तक आ गई है। ये कोई छोटी बात नहीं है। हमने 1 साल में निर्यात में 31त्न वृद्धि की है। आज भारत लेने वाला नहीं बल्कि देने वाला हो गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने चंडीगढ़ में रोजगार मेला कार्यक्रम में हिस्सा लिया और लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। हरियाणा के गुरुग्राम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रोजगार मेला कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र भी बांटे। पीएम मोदी ने रोजगार मेला कार्यक्रम में कहा कि स्थानीय स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार के लाखों अवसर बन रहे हैं। आधुनिक इंफ्रा के लिए हो रहे ये सारे कार्य टूरिज्म सेक्टर को भी नई ऊर्जा दे रहे हैं। आस्था, आध्यात्म, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों को भी देशभर में विकसित किया जा रहा है। ये सारे प्रयास रोजगार बना रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज रोजगार के कई नए अवसर बन रहे हैं। आज गाड़ियों से लेकर मेट्रो कोच, ट्रेन के डिब्बे, डिफेंस के साजो-सामान तक अनेक सेक्टर में निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। ये तभी हो रहा है क्योंकि भारत में फैक्ट्रियां बढ़ रही हैं और साथ ही काम करने वालों की संख्या बढ़ रही है। पीएम मोदी ने कहा आज भारत कई मायनों में आत्मनिर्भर बन रहा है। एक आयातक से भारत निर्यातक की भूमिका में आ रहा है। अनेक सेक्टर में भारत ग्लोबल हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा हैं। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में कहा स्टार्टअप इंडिया अभियान ने तो देश के युवाओं के सामर्थ्य को पूरी दुनिया में स्थापित कर दिया है। साल 2014 तक जहां देश में कुछ ही स्टार्टअप थे, आज ये संख्या 80 हजार से अधिक हो चुकी है। पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि गांवों में बड़ी संख्या में रोजगार निर्माण का एक और उदाहरण, हमारी खादी और ग्रामोद्योग है। देश में पहली बार खादी और ग्रामोद्योग, एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा आज भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। 7-8 साल के भीतर हमने 10वें नंबर से 5वें नंबर तक की छलांग लगाई है। आज हमारा सबसे अधिक बल युवाओं के कौशल विकास पर है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत देश के उद्योगों की जरूरतों के हिसाब से युवाओं को ट्रेनिंग देने की एक बहुत बड़ा अभियान चल रहा है। पीएम मोदी ने रोजगार मेले कार्यक्रम के दौरान कहा कि आने वाले महीनों में इसी तरह लाखों युवाओं को भारत सरकार द्वारा समय-समय पर नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। आज अगर केंद्र सरकार के विभागों में इतनी तत्परता, इतनी क्षमता आई है, इसके पीछे 7-8 साल की कड़ी मेहनत है। कर्मयोगियों का विराट संकल्प है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए हम आत्मनिर्भर भारत के रास्ते पर चल रहे हैं। आज केंद्र सरकार 75000 युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए रोजगार मेला का शुभारंभ किया। पहले चरण में चयनित 75,226 युवाओं को नियुक्ती पत्र दिए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेला का शुभारंभ कर दिया है। इसके तहत 10 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा।

# PM मोदी के अयोध्या आगमन से पहले CM योगी आदित्यनाथ ने बनाया माहौल, बदला ट्विटर का डीपी




लखनऊ- रामनगरी अयोध्या इस बार दीपोत्सव यानी 23 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगवानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। एसपीजी ने सुरक्षा को लेकर प्लान फाइनल कर लिया है। इसके साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी माहौल तैयार कर दिया है। योगी आदित्यनाथ ने ट्विटर पर रामनगरी अयोध्या के भव्य दीपोत्सव में आमंत्रण का संदेश भी दे दिया है।

## डीपी में दीपोत्सव 2022 का लोगो

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्विटर की डीपी में दीपोत्सव 2022 का लोगो जैसे ही लगाया, उनके प्रशंसक उनका अनुसरण भी करने लगे। रामनगरी में दीपोत्सव को अत्यंत भव्यता से मनाए जाने की तैयारियों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को स्वत: स्फूर्त भाव से ट्विटर पर अपने अकाउंट की डिस्प्ले पिक्चर ( डीपी ) में अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव का लोगो लगा दिया है।

## सरकार के सभी ट्विटर अकाउंट पर दीपोत्सव का लोगो

मुख्यमंत्री कार्यालय और उत्तर प्रदेश सरकार के सभी ट्विटर अकाउंट पर दीपोत्सव का लोगो प्रदर्शित हो रहा है। जिससे कि इस बार दीपोत्सव-2022 का माहौल को भी नया आयाम मिल गया है। दीपोत्सव 2022 के लोगो से सुसज्जित अपने ट्विटर अकाउंट पर योगी आदित्यनाथ ने लिखा- श्री अयोध्या जी तैयार हैं, भव्य और दिव्य दीपोत्सव के लिए... आप सभी का स्वागत है। जय श्री राम! उनके इस आमंत्रण भरे संदेश के साथ दीपक का चित्र भी लगा है।

## दीपोत्सव को भव्य और दिव्य रूप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस पहल पर ही अयोध्या में भव्य दीपोत्सव की शुरुआत हुई। प्रदेश में दूसरी बार सत्तारूढ़ हुई योगी आदित्यनाथ सरकार इस बार साकेत बिहारी की नगरी में दीपोत्सव को भव्य और दिव्य रूप से मनाने की तैयारी में जुटी है।

## नयनाभिराम दृश्य का साक्षी बनने के लिए आमंत्रित

अयोध्या में दीपोत्सव-2022 के प्रकाश की निराली छटा को देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी 23 अक्टूबर को अयोध्या में उपस्थित रहेंगे। प्रदेश सरकार के मुखिया के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को असंख्य दीपमालाओं से होने वाले अवधपुरी के श्रृंगार के नयनाभिराम दृश्य का साक्षी बनने के लिए आमंत्रित किया है।

## प्रशंसक भी इस डीपी को अपना रहे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उनके कार्यालय और उत्तर प्रदेश सरकार के ट्विटर अकाउंट की डीपी में दीपोत्सव का लोगो प्रदर्शित होने के बाद इंटरनेट मीडिया पर प्रशंसक भी इस डीपी को अपना रहे हैं। सरकार के मंत्रियों ने भी अपने ट्विटर अकाउंट की डीपी में यह लोगो लगाना शुरू कर दिया है।

प्रदेश सरकार के मंत्रियों तथा भारतीय जनता पार्टी के विधायकों के साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रशंसकों को भी अयोध्या दीपोत्सव 2022 का लोगो भी काफी पसंद आ रहा है।

# पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रहरियों के साथ की गोष्ठी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा थाना प्रांगण में मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी आयोजित की गई।गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित सभी ग्राम प्रभारियों से कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं आदि के बारे में जानकारी ली गई पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को बताया गया कि आप लोग पुलिस विभाग के अभिन्न अंग है। गांव स्तर पर बहुत सारी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। जिनको आप लोग सतर्क रहकर तत्काल संबंधित थाने पर सूचित करें। सभी लोग अपने पास थाना प्रभारी, बीट पुलिस अधिकारी सहित उच्चाधिकारीगणों के मोबाइल नंबर अपनी डायरी व मोबाइल में अवश्य फीड करे, जिससे कोई समस्या हो तो तत्काल फोन कर अपने अधिकारियों को समय से अवगत कराया जा सके। अपने दायित्वों व कर्तव्यों का सही से निर्वहन करते हुए कार्य क्षेत्र में सतर्क नजर रखते हुए अवैध शराब बनाने व क्षेत्र में माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों पर नजर रखने तथा यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु बताया गया।आपको बता दें, कि ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग का अभिन्न अंग है इनके द्वारा क्षेत्र में घटित घटनाओं आदि की जानकारी/सूचना प्रदान की जाती रही है। सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करने तथा ग्राम प्रहरियों की सक्रियता को बढ़ाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा उनसे मुलाकात कर वार्ता की गई तथा अपने कार्यों के प्रति और अधिक सक्रिय रहने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, पुलिस उपाधीक्षक ( प्रशिक्षु ) सतीश कुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग का लिया जायजा



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विकास खण्ड गिलौला एवं तहसील जमुनहा के अंतर्गत ग्राम रतनापुर में धान की फसल की क्रॉप कटिंग का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसानों के खेतो में जाकर अपने सामने धान कटवाया तथा मड़ाई के बाद उसका वजन कराकर उत्पादकता की जाँच की।क्रॉप कटिंग के दौरान वहाँ पर उपस्थित किसानों से जिलाधिकारी ने उनका कुशलक्षेम भी जाना एवं किसानों से सरकारी धान क्रय केंद्र पर जाकर धान बेचने की अपील भी की, ताकि किसानों को उनके उत्पादकता का वाजिब मूल्य मिल सकें। इस दौरान उन्होने किसान भाईयों से पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि वे अपने नजदीक के गौशाला पर पराली को ले जाएं और वहां से गोबर की खाद लाकर अपने खेतों में डाले ताकि उनके खेतों की उर्वरक क्षमता भी बढ़े ताकि अन्न उत्पादन में गुणात्मक सुधार भी सके। इस दौरान उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला ,सहायक सांख्यकीय अधिकारी महेंद्र वर्मा,सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय रतनापुर का किया औचक निरीक्षण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- जिलाधिकारी ने नौनिहालों से गिनती पहाड़ा सुनकर जाना शिक्षा की गुणवत्ता श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विकासखण्ड गिलौला के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय रतनापुर का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। विद्यालय में छात्र उपस्थित पंजिका का निरीक्षण करने पर छात्र-छात्राओं के पंजीकरण के सापेक्ष उपस्थिति कम होने पर जिलाधिकारी ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पंजीकृत बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें तथा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता में विशेष ध्यान दें।जिलाधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता परखने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं को दी जा रही शिक्षा की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होने छात्र-छात्राओं से पूछे गये प्रश्न का सही उत्तर देने पर उन्हें पेंसिल व चॉकलेट भेंट किया। और बच्चों को मन से पढ़ाई करने के लिए उत्साहित भी किया। उन्होने विद्यालय में उपस्थित अध्यापकों को छात्र-छात्राओं को उनकी अभिरूचि के अनुसार पढ़ाये जाने का निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में बने मध्यान्ह भोजन की भी जानकारी ली। और उन्होने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि बच्चों को मध्यान्ह भोजन खिलाते समय दरी/शेड के नीचे अच्छे से बैठाकर भोजन कराया जाए तथा भोजन की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यालय में कई बच्चे यूनिफार्म पहन कर नही आये थे, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि छात्र-छात्राओं और उनके अविभावकों को यूनिफार्म में भेजने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, किचन, पेयजल, अग्नि शमन यंत्र, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त हमेशा रखने का निर्देश दिया।

# थाना चौबेपुर पुलिस ने लड़कियों पर अश्लील छींटाकशी करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- पुलिस अधीक्षक वाराणसी ग्रामीण के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान,अपर पुलिस अधीक्षक वाराणसी ग्रामीण के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में आज थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा ग्राम धौरहरा के बालिका विद्यालय मोड़ के पास आने जाने वाली लड़कियों पर अश्लील छींटाकशी करने वाले अभियुक्त गोविन्द कुमार पुत्र सुरेश प्रसाद नि0 धरौहरा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के संबंध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0492/2022 धारा 294 भा0द0वि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया।

# अपर आयुक्त की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में राजस्व प्राप्ति एवं कर-करेत्तर की बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -अपर आयुक्त प्रशासन श्री बी0एन0 यादव की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में राजस्व प्राप्ति एवं कर-करेत्तर की बैठक आहूत की गयी, जिसमें अपर आयुक्त ने व्यापार कर, स्टाम्प, परिवहन, आबकारी, वन, खनन, विद्युत, बाटमाप, खाद्य, मत्स्य आदि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। अपर आयुक्त ने व्यापार कर एवं स्टाम्प में जनपद अमरोहा एवं जनपद सम्भल में आरसी वसूली में प्रगति खराब होने पर विशेष प्रयास कर प्रगति लाने के निर्देश दिये हैं। जनपद मुरादाबाद में वर्ष 2021 के स्टाम्प वाद पेन्डिंग रहने एवं खराब स्थिति होने पर अपर आयुक्त वित्त एवं राजस्व मुरादाबाद को दिसम्बर माह तक निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं।

अपर आयुक्त ने मण्डल के 10 बड़े बकायेदारों से भी वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मण्डी एवं खनन वसूली में जनपद सम्भल एवं अमरोहा की प्रगति खराब होने पर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बाट एंव माप में जनपद सम्भल को अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। अपर आयुक्त ने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए दीपावली पर खाद्य सामग्री में मिलावट करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि दीपावली अभियान के अर्न्तगत 169 सैम्पल लिये गये हैं और कार्यवाही जारी है। मत्स्य पालन में केसीसी का लक्ष्य के सापेक्ष वितरण नही होने पर उप निदेशक मत्स्य को केसीसी में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस की भी नियमित मानीटरिंग करते रहें। बैठक में सभी जिलों के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, डीडीसी सम्भल एवं मुरादाबाद, उप निदेशक मत्स्य सुचिता गुप्ता, डीसी फूड ओमप्रकाश, आरटीओ भीमसेन, उप निदेशक मण्डी संदीप कुमार, संयुक्त निबधंक सतीश चन्द्र मिश्र, सहायक आयुक्त औषधि दीपक शर्मा, सहायक आयुक्त खाद्य चन्दकिशोर, अपर आयुक्त एस0जी0एस0टी0 के0पी0 वर्मा आदि उपस्थित रहें।

## कमिश्नर एवं जिलाधिकारी ने मुरादाबाद वासियों को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह एवं जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मुरादाबाद मण्डल एवं जनपद के सभी नागरिकों को दीपावली पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं बुराइयों को ज्योति पर्व दीपावली के प्रकाश से दूर करने का आह्वान करते हुए आमजन से प्रदूषणमुक्त वातावरण में दीपावली का पर्व मनाने का आह्वान किया है। आपसी एकता भाईचारे मेलजोल व सद्भावना के वातावरण में मनाकर जनपद को चहुँमुखी विकास एवं उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करके देश प्रदेश के विकास में जनमानस अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। जिलाधिकारी ने असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक दीपावली के त्यौहार पर कामना की है कि ज्योति पर्व सभी के जीवन में एक नई उमंग लेकर आयेगा तथा समाज में व्याप्त बुराईयों एवं कुरीतियों के अन्धकार को हमेशा के लिये मिटायेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि प्रकाश पर्व दीपावली जो कि असत्य पर सत्य की विजय का परिचायक है ,हम सभी के जीवन में एक नई आशा संचारित करेगा जिससें प्रगति एवं उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा तथा सभी जनामनस के जीवन से गरीबी, बेरोजगारी, कुपोषण, अशिक्षा तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों एवं बुराईयों का अन्धकार दूर होगा।

# कॉल विधानसभा क्षेत्र के किसान नाराज हैं धान की फसल को हुई क्षति आंकलन पुनः कराया जाए -राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने एडीएम राजस्व विद से कहा है कि कॉल विधानसभा क्षेत्र मैं भारी बरसात के दौरान धान की खेती और बड़ी मात्रा में नष्ट हुई थी क्षेत्र का दौरा किया किसानों के साथ सूची बनाई गई डीएम को भेजी गई उस सूची में करीब 30 40 नाम थे किसानों के जिनकी धान की खेती पूरी तरह से नष्ट हो हो गई है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि तहसील के कर्मचारियों द्वारा कॉल विधानसभा क्षेत्र के धान का नुकसान आंकलन ठीक नहीं किया गया है इस प्रकरण को लेकर किसानों में रोष है उन्होंने कहा है कि क्षेत्र के किसानों के साथ ही दौरा किया गया था एक एक किसान की खेती को देखा गया था उसकी सूची तैयार की गई थी तो डीएम को भेजी गई थी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है के कॉल विधानसभा क्षेत्र के गांव की सर्वे धान की खेती की सर्वे तहसील कोल के कर्मचारियों द्वारा बहुत दूर तक ठीक नहीं की गई है एडीएम राजस्व विद से कहां है के कॉल विधानसभा क्षेत्र की धान की खेती की सर्वे एवं आंकलन दोबारा कराया जाए जिससे कि छोटे काश्तकारों को मुआवजे का लाभ मिल सके उस बड़े काश्तकार भी सूची में उनकी सारी धान की खेती नष्ट हो गई वह भी किसान हैं जो कॉल विधानसभा क्षेत्र में आते हैं जो सूची में हैं उनका भी आंदोलन करा लिया जाए कॉल विधानसभा क्षेत्र में सरकार के आदेश का उलंघन हुआ है उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने डीएम साहब से कहां है किसान मोर्चा की तरफ से दी गई लिस्ट को देखें उसकी सर्वे कराएं

# दीपावली

◆आतिश मुरादाबादी
मुरादाबाद उत्तर प्रदेश

सुबह सवेरे उठकर अपने बड़ों को शीश झुकाओ जी
आई दिवाली आई दिवाली घर-घर दीप जलाओ जी
खुशियों का त्योहार दिवाली गीत खुशी के गाओ जी
फिर पूजा का थाल उठाकर मंदिर मंदिर जाओ जी
दिन ये खुशी का आया है, राम लखन घर आए हैं
अपने घर का कोना कोना खुशबू से महकाओ जी
घर लौटे हैं राम लखन साथ में सीता मैया हैं
चौदह बरस में दिन ये आया, दुनिया को बतलाओ जी
सुंदर सुंदर कितना प्यारा आज का ये नज़ारा है
रंग बिरंगी झालर से घर को स्वर्ग बनाओ जी
सजे-धजे इन बाजारों में कितनी रौनक छाई है
कोई खरीदें मीठे खिलौने कोई गणेश-लक्ष्मी माई जी
हलवाई की सजी दुकानें मन को खूब लगाएं
रसगुल्ला काजू की बर्फी लड्डू गोंद मिठाई जी
बाजारों में आभूषण कपड़ों की जैसे सेल लगीहो
साड़ी शाल सूट गरम ने भी दिल में हूक उठाई जी
मुन्नी को है फ्रॉक खरीदा दादी जी को साड़ी
खुशी-खुशी सबको बाटेंगे, बात समझ में आई जी
बच्चों के चेहरे मुस्काए खुश हैं दादा-ताऊ जी
फुलझड़ियां रंगदार पटाखे मिलकर आज छुटाओ जी
दिवाली में सजी दुकानें, रात को दिन दिखलाएं
सोना, चांदी, कपड़े, बर्तन, धनतेरस में लाओ जी
घर पर बैठा दीनू अपने चारों ओर निहारे
पास में उसके बैठो भैया, दिल उसका बहलाओ जी
गांव-गांव और बस्ती-बस्ती दीप जलाते जाओ
आतिश इनके साथ में मिलकर खुशियां खूब मनाओ जी

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Local support

Prime Minister Narendra Modi's appeal to buy local produce just before Dhanteras is pleasant and welcome. Firstly, the Prime Minister has indicated that he is appealing near the Chinese border and on the other hand, he has drawn the attention of the people to the products of local industries just before Diwali.

It is no secret that there is a lot of buying and selling during Diwali. Each shopkeeper sells goods up to twice the normal number of days. In such a situation, if people become aware of buying local goods, then more than half of the goods can easily be taken local. However, the Prime Minister has hesitantly appealed to buy at least five percent local produce.

Meaning, the purchase of at least five percent can be up to twenty-five or even fifty percent. Needless to say that about ninety percent of the foreign products related to Diwali are available in the market. From the idol of Lakshmi-Ganesh to the decoration items are foreign, in such a situation, even though the appeal of the Prime Minister is addressed to the tourist centers and tourists, but it can have an impact on the entire market. In the recent past, people have become aware of indigenous products, but the imports from abroad are not decreasing.

The Prime Minister has clearly said that I pray for 'Vocal for Local'. The Prime Minister and many leaders of this country have appealed to give preference to local products in the past, but in reality our fascination for foreign products is coming in the way again and again. Our weak steps towards self-reliance are worrying us. Leave aside strategic products, we are not self-sufficient even on the front of celebrating festivals like Dhanteras, Diwali, Holi. Buying local products not only reduces poverty, but also makes the country self-reliant. By the way, the people who go on tourism do not think about the native-foreigner or the outside-local, buying local products is a habit, for the development of the country, it will not be wrong to adopt this habit in their culture. Appeal to the people has its place, but governments should also buy more and more locally.

Lest the governments themselves buy more and more foreign goods and reserve the advice of self-reliance for all others. In fact, self-reliance is also a habit, which should be encouraged. It should be seen carefully, is the decoration being done in all the government offices on Diwali, is all the stuff indigenous in it?


On Dhanteras or Diwali, all types of producers should also be motivated to produce better. The goal is not just earning, the product must be good. Overall, people are moving to countries whose products are good and cheap. Just saying that the quality of the products coming from abroad is not good is just a minor excuse. Shopkeepers should also find and sell good local products from their shop.

It is not difficult in India. We have seen that many foreign automakers have to leave India by tying up bags because we have such vehicle manufacturers who are leading the country on the path of self-reliance.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# Mika Singh and Akanksha Puri will not get married? Said- 'We never said that..'

Singer Mika Singh and TV actress Akanksha Puri were in the news some time back regarding Swayamvar. Mika had chosen Akanksha at the end of Swayamvar and since then the fans are waiting for the marriage of both. Although this wait has been more than 3 months but till now nothing has come out from the couple's side, although in the meantime Akanksha has told Mika only her friend, due to which the fans are confused. Mika had chosen Akanksha – in fact a swayamvar was organized on TV for 45-year-old Mika. There were 12 contestants in the show, and Akanksha Puri, Prantika Das and Neet Mahal reached the top 3. Mika finally chose Akanksha, whom he already knew. It has been almost 3 months since Swayamvar ended but there has been no update on the marriage and meanwhile Akanksha has told Mika only her friend, after which fans are asking whether they will get married or not? Friends are the same - In fact, while talking to Times of India recently, Mika Singh said on their relationship, 'We told in the show that we were friends for many years. We will remain the same. We are just friends, not a couple. We decided to cast each other on the show, as we have known each other for almost a decade. We never said we were in love. We were clear that we were looking for a life partner, but nothing has changed between us after the show and we are the same old friends that we were. Fake hai swayamvar? - In the conversation, Akanksha further said, 'We are protective of each other and respect each other. We both have personally had bitter experiences in life, so we are going slow. We don't hold hands, because we know where we stand. Apart from this, at the moment we are busy with our work. In fact, we are both workaholics and understand each other's work commitments. It is worth noting that since this statement, many people are also telling themselves to be fake.



# Charu Asopa shared new pictures of daughter, told how is Gianna's health now?

TV actress Charu Asopa remains in the headlines for her personal life. Charu has shared some pictures of her daughter Gianna on Instagram, with which in the caption she has thanked the hospital which treated her daughter. In the photos, Charu is seen sitting on the hospital bed with her daughter Gianna in her lap. In the second photo, Gianna can be seen playing with something while she has a bandage and drip in her other hand. Gianna's health improved - In the photo caption, Charu Asopa wrote, 'Today after 3 full days my dear, my little Gianna is feeling better. She was diagnosed with Dengue 2 days ago and I am very proud of my little angel. My baby girl is very brave. The last few days have been very difficult for her but now she is recovering. Many thanks to Sparsh Hospital and Dr. Atul Heda. Doctors are really God - Charu Asopa wrote in her post, 'Thanks to the entire staff of Sparsh Hospital, they have taken very good care of Gianna. She is still admitted in the hospital but is recovering slowly. Truly doctors are gods. All the TV celebrities have prayed for Gianna's speedy recovery in the comment section and appreciated her bravery. Unfollowed husband on Insta - Cute pictures of Gianna go viral on the internet. As far as Charu Asopa's personal life is concerned, she remains a topic of discussion on Instagram every day. Recently there was news that he had unfollowed him on Instagram.



## मिशनशक्ति - संकट में 1090 का सहयोग लें-उप निरीक्षक मीतू श्रीवास्तव



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

ङ्कड्डह्वद्बह्वह्म = चौबेपुर थाना में कार्यरत महिला उप निरीक्षक मीतू श्रीवास्तव ने महिलाओं बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक किया। उन्होंने बताया कि एंटी रोमियो टीम द्वारा छात्राओं को नारी सुरक्षा,नारी स्वावलंबन और नारी सम्मान की दिशा में चलाई जा रही पुलिस की महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न महिला हेल्पलाइन 1090, वूमेन पावर लाइन 181, चाइल्डलाइन 1098 , यूपी पुलिस आपातकालीन 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन लाइन 181, हेल्पलाइन 1076 आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी जा रही है।

## क्षेत्राधिकारी सदर व इंस्पेक्टर श्यामा ने नगर भ्रमण कर त्यौहार मिल जुलकर मनाने की अपील



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

चन्दौली--शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सदर रामवीर सिंह ने अलीनगर महिला थाना इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी व चन्दौली कोतवाल संतोष सिंह के संघ आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पैदल गस्त करते हुए आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया।वही नही लेडी सिंघम श्यामा तिवारी आगामी त्यौहार के मद्देनजर अपने पुलिस सहयोगीयों के साथ क्या रात क्या दिन भ्रमण कर नजर आ रही हैं।पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बार-बार अपील कर रही है।क्षेत्राधिकारी रामवीर सिंह ने कहा की नगर क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिक त्योहारों को देखते हुए आपसी भाईचारा बनाए रखें किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान ना दें। इस तरह की कोई बात आपके संज्ञान में आये तो तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि उसका समाधान समय से किया जाए। नगर क्षेत्र में सभी वाहन स्वामी दो चक्का या चार चक्का वाहन धीमी गति से चलाने को कहा।अपने बाएं से चलें सुरक्षित अपने घर पहुंचे।

## आवागढ़ किला पर न्याय चक्र फाउंडेशन की एक प्रदेश स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- आवागढ़ किला पर न्याय चक्र फाउंडेशन की एक प्रदेश स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया अवागढ़ दोपहर 11=00 बजे से आवागढ़ किला पर न्याय चक्र फाउंडेशन की एक प्रदेश स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें एटा हाथरस अलीगढ़ फिरोजाबाद आदि जिलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष विष्णु मिश्रा व थाना प्रभारी अवागढ़ फूलचंद ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया एवं सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गरीब कि गरीब पिछले असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाएगी हम एक दूसरे से कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे तभी एक दूसरे की मदद कर पाएंगे मंडल अध्यक्ष किशन सिंह परेवा ने सभी को एकजुट होकर न्याय चक्र का सिपाही बनकर आगे बढ़ने की सलाह दी

हमें अन्याय के आगे झुकना नहीं है उसका डटकर मुकाबला करना है कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष हरे कृष्ण पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु मिश्रा, प्रदेश वरिष्ठ मीडिया प्रभारी समीम खान, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुमित कुमार , किशन सिंह परेवा मंडल अध्यक्ष अलीगढ़, राकेश कुमार मंडल उपाध्यक्ष, सुमनलता जिला अध्यक्ष , प्रेमलता आदि लोग मौजूद रहे

## समाज को शिक्षा की रोशनी से रोशन करने के लिए कराया अम्बेडकर पुस्तकालय का निर्माण

योगेश मुद्गल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मारहरा (एटा)। समाज को शिक्षा की रोशनी से रोशन करने के लिए पालिकाध्यक्ष परवेज ज़ुबैरी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय का निर्माण कराया। जिसका उदघाटन मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी की मौजूदगी में किया गया। उदघाटन समारोह में एटा एवं कासगंज जनपद के सभी राजनीतिक दलों के नेता एवं समाजसेवी मौजूद रहे।म डॉ. बीआर अम्बेडकर पुस्तकालय के उदघाटन समारोह की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष वहीद महमूद ज़ुबैरी उर्फ परवेज ज़ुबैरी ने की और कार्यक्रम का संचालन हरिओम गुप्ता ने किया। उद्घाटन समारोह में मौजूद लोगों को मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, डॉ. लाइक अली खान, मेधाव्रत शास्त्री, डॉ. निहालुद्दीन, ज़हीर अहमद, इंजीनियर नूर मोहम्मद, जमशेद आलम, मोहम्मद उमर आदि अथितियों ने संबोधित किया और शिक्षा और भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. अम्बेडकर के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियों से लोगों को रूबरू कराया। डॉ. बीआर अम्बेडकर पुस्तकालय का उदघाटन कर पालिकाध्यक्ष परवेज ज़ुबैरी ने कहा कि समाज को शिक्षा की रोशनी से रोशन करने की कवायद में





पुस्तकालय का निर्माण कराया गया है। पुस्तकालय समस्त प्रकार की पुस्तकों को उपलब्ध कराया गया है ताकि नगर के लोगों के ज्ञान में इजाफा हो सके। डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा को स्थापित करने के साथ साथ उनके विचारों को भी जीवित रखना हमारा दायित्व है। यह पुस्तकालय डॉ. अम्बेडकर को समर्पित है क्योंकि अम्बेडकर जैसा विद्वान न धरती पर जन्मा है और न जन्मेगा। पुस्तकालय में वह पुस्तकें मौजूद हैं जिन्हें पढ़कर हम अम्बेडकर के विचारों को सदियों तक जीवित रख सकते हैं। साथ ही श्री ज़ुबैरी ने बताया कि पुस्तकालय में शिक्षा से संबंधित सभी प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध हैं। आवश्यकता अनुसार पुस्तकालय में पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती रहेंगी ताकि कस्बे के साथ साथ आसपास के इलाके के शिक्षार्थियों को जरूरत की किताबों के लिए इधर उधर भटकना न पड़े। पुस्तकालय के उद्घाटन समारोह में अधिशासी अधिकारी कैलाश नाथ मिश्रा, प्रेम चंद्र साहू, गोल्डी गुप्ता, राहुल भारद्वाज, भूपेंद्र सिंह प्रजापति, गौरव गुप्ता, यूनुस सिद्दीकी, नईम खान, सहित कस्बे के तमाम लोग मौजूद रहे।

## ट्रैफिक पुलिस कर्मी सिपाही की ट्रक ड्राईवर ने की पिटाई



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा में नो एंट्री में गाड़ी लाने को लेकर ट्रैफिक पुलिस कर्मी सिपाही की ट्रक ड्राइवर ने की पिटाई, ड्राइवर ने ट्रैफिक पुलिस कर्मी को लातों से मारने का वीडियो वायरल, कोतवाली नगर से चंद 20 मीटर की दूरी पर हाथीगेट चौराहे पर डियूटी पर तैनात ट्रैफिक के सिपाही और ट्रक ड्राइवर के बीच जमकर मारपीट का वीडियो वायरल, ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने आरोपी ट्रक ड्राईवर को कोतवाली नगर में पकड़ कर किया अरेस्ट, ट्रैफिक पुलिस के सिपाही और ड्राइवर के बीच रोड पर जमकर हुई मारपीट, ट्रक ड्राइवर के द्वारा ट्रक से उतर कर ट्रैफिक पुलिस कर्मी की जमकर की पिटाई, एटा के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के हाथी गेट चौराहे का मामला।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

# दीपावली पर माननीय मुख्यमंत्री का शुभकामना संदेश लेकर शहीद के यहां पहुंचे पुलिस अधीक्षक सूरजपुर, कहा खुद को अकेला न समझे परिजन






रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ श्री भूपेश बघेल ने शहीद जवानों के परिजनों को दीपावली पर्व का शुभकामना संदेश भेजा है। माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा भेजे गए शुभकामना संदेश को लेकर शनिवार, 22 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने शहीद परिवार के महिला आरक्षक नमिता केरकेट्टा को ससम्मान भेंट किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने धनतेरस व दीपावली पर्व की शुभकामना संदेश के साथ मिष्ठान एवं मिट्टी के दिए भी ससम्मान महिला आरक्षक को भेंट किया और सुख, समृद्धि, यश-कीर्ति की कामना की। पुलिस अधीक्षक ने शहीद परिवार के महिला आरक्षक से चर्चा कर हालचाल जाना और दुरस्थ तैनाती थाना चांदनी से महिला आरक्षक नमिता केरकेट्टा का स्थानान्तरण पुलिस लाईन में करने का आदेश मौके पर ही जारी कर सौंपा। इस दौरान एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, रक्षित निरीक्षक भुपेन्द्र कुर्रे, थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर मौजूद रहे। इसी क्रम में डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर ने शहीद परिवार के महिला आरक्षक सरिता कुजूर को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा भेजे गए दीपावली पर्व की शुभकामना संदेश एवं मिष्ठान को ससम्मान भेंट किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी भटगांव शरद चंद्रा व एएसआई विराट विशी मौजूद रहे।

# देवी-देवताओं के चित्र लगे पटाखों पर रोक लगाने की मांग



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दतिमा मोड़- विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने करंजी चौकी प्रभारी को ज्ञापन देकर हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीरों वाले पटाखों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि इस समय बाजार में कई ऐसे व्यापारी हैं,

जो देवी-देवताओं की तस्वीरों वाले पटाखे और आतिशबाजी बेचकर उनका अपमान कर रही हैं। इससे हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। ऐसे पटाखों की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाए। वहीं कार्यकर्ताओ ने लोगों से भी अपील की कि वह इस प्रकार के पटाखों को ना खरीद कर बहिष्कार करें। चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी ने कार्यकर्ताओं को कहा है कि उसकी हम निगरानी करेंगे। अगर कोई भी व्यापारी ऐसे सामान बेचा पाया जा रहा है, तो हम उसकी जांच करेंगे और जरूर कड़ी कार्रवाई करेंगे। ज्ञापन देने वालों में निल कमल, झमन देवांगन, अविनाश यादव, मोहित यादव, राजू सिंह, नरेंद्र यादव, सूरज राजवाड़े, दीपक कुमार विनोद कुमार, ओम प्रकाश यादव,देवीलाल, कलेश्वर, अश्वनी देवांगन, अरुण कुमार, राजेंद्र कुमार, अनीश, सोनू सिंह, विनोद राजवाडे, विनय राजवाडे, दीपेश मानिकपुरी, भोला राजवाडे व शामिल थे।

# शिक्षा विभाग इन दिनों सुर्खियों में है



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- शिक्षा विभाग इन दिनों सुर्खियों में है,, प्राचार्य मिश्रा के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय सूरजपुर एवं औद्योगिक प्रशिक्षण जिला सूरजपुर को लिखित आवेदन एक महीना पूर्व विद्यार्थियों आईटीआई चंद्रा के लोग अपने ऊपर हुए आर्थिक क्षति एवं मानसिक प्रताड़ित का समाधान के लिए आवेदन दिए थे लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद समस्या का समाधान नहीं होने पर समस्त आईटीआई चंद्रा के छात्र एवं छात्राएं सभी लोग मिलकर के प्रतापपुर से भैयाथान मुख्य मार्ग पकनी चौक में अपना धरना प्रदर्शन कर न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं,,, मिली जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र चंद्रा के प्राचार्य सत प्रकाश मिश्रा ने लंबे समय से छात्र एवं छात्राएं सभी लोगों के पास अवैध पैसा वसूलने एवं आर्थिक क्षति पहुंचाने जैसे मामला सुर्खियों में बना हुआ है जिसको लेकर छात्रों ने मोर्चा खड़ा कर दिया है अपने ऊपर हुए जुल्म अत्याचार को लेकर कई विभागों का चक्कर काटने पर न्याय नहीं मिल पाने से नाराज बच्चे न्याय के लिए आईटीआई चंद्रा में 24,,,25 बच्चे का नाम काटने का भी मामला प्रकाश में आया है और मिश्रा ने बच्चों से 5000 10000 जैसे कई बच्चों लोग पैसा देने में असमर्थ रहे हैं जिन्हें आईटीआई आने से मना कर दिया गया है,, बच्चों के द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि आईटीआई के कुछ गुरुजी इस बात को भी बोल रहे हैं कि मामला को आगे मत बढ़ाओ धरना प्रदर्शन मत करो,, बच्चों का धरना प्रदर्शन में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं सूरजपुर जिले के सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम भास्कर,,संदीप कुशवाहा जिला अध्यक्ष कुशवाहा जनकल्याण समाज सूरजपुर, जनप्रतिनिधि सूर्य प्रताप सिंह, नाधीर पैकरा,, सहित दर्जनों विद्यार्थी राम सिंह अतुल पटेल, राहुल भास्कर, वीरेंद्र पैकरा , जैसे कई छात्र उपस्थित रहे, अब देखना यह है कि विद्यार्थियों को न्याय कब मिलेगा

# डीएवी पब्लिक स्कूल कालामांजन में धूमधाम से मनाया गया दीप पर्व, बच्चों के द्वारा बनाया गया रंगोली



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी- जिले के डीएवी पब्लिक स्कूल कालामांजन ओड़गी में खूब धूमधाम से दीपोत्सव का पर्व मनाया गया 7 दीपावली के उपलक्ष्य में कक्षा तीसरी से बारहवीं के बच्चों को रंगोली एवं दीया मेकिंग प्रतिस्पर्धा रखा गया।

विद्यालय के प्राचार्य धनंजय सिंह ने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए, दीपोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला, और उन्होंने बताया कि यह त्यौहार हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने और अपने अंदर की नकारात्मकता को दूर कर सकारात्मकता को जन्म देने का संदेश देता है। इस दौरान विद्यालय के टीचर नमिता गुप्ता, श्रेया तिवारी, कृतिका चौबे, प्रभा यादव, उमा राजवाडे, सोनाली गुर्जर, चिंकी यादव ,कृष्णा साहू, टी महंत, हेमंत, संदीप यादव, आशीष साहू व छात्र छात्राएं उपस्थिति उपस्थित रहे।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय ओड़गी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने ली साइकिल स्टैंड निर्माण का संकल्प

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-ओड़गी - शासकीय नवीन महाविद्यालय ओड़गी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में साइकिल स्टैंड निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया उक्त साइकिल स्टैंड का निर्माण 26 जनवरी 2023 तक पूरा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रंजीत कुमार सातपूते सहायक प्राध्यापक दिनेश कैव्यर्थ, हरीश पात्रे, गंगा राम साहू, सुखदेव सांडिल्य, व सुश्री सीता ने साइकिल स्टैंड निर्माण कार्य मे अपनी भागीदारी दी साथ ही निर्माण कार्य मे आवश्यक सहयोग देने समाज सेवी विभव सिंह गुर्जर व परमात्मा गुर्जर ने आश्वासन दिया।

